**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**02.10.2025/प्रादेशिक समाचार/18.00बजे**

## गांधी–शास्त्री श्रद्धांजलि

समग्र देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महात्मा गांधी ने सतत संघर्ष और सत्याग्रह की शक्ति से देश को अंग्रेजों की गुलामी से आज़ाद करवाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित किया और उनके इस योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों व सिद्धांतों पर चलना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है।

## जीएसटी सुधार–मशीनरी उर्वरक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से घोषित जीएसटी भारत उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से भारत की अप्रत्यंक्ष कर–प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में नया अध्याय शुरू हुआ है। इन सुधारों ने विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं में कर की दर में कटौती से लोगों को काफी राहत प्रदान की है। कृषि मशीनरी और उर्वरकों पर जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर प्रस्तुत है ये रिपार्ट ............

## दशहरा

अपनी अनूठी परम्परा के लिये विश्वभर में प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव आज भगवान श्री रघुनाथजी की शोभा यात्रा के साथ शुरू हो गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शोभा यात्रा में भाग लिया। शोभा यात्रा में कुल्लू ज़िला के बड़ी संख्या में देवी–देवताओं ने हिस्सा लिया और दशहरा मैदान की परिक्रमा की। भगवान रघुनाथ अगले एक सप्ताह तक अब दशहरा मैदान स्थित अपने अस्थाई शिविर में रहेंगे और श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। राज्यपाल आज सांय कुल्लू दशहरे की पहली सांस्कृतिक संध्या में विधिवत रूप से दशहरा उत्सव का शुभारंभ करेंगे।

## विजय दशमी

विजय दशमी यानि दशहरा पर्व आज प्रदेशभर में आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर बुराई के प्रतीक रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले जलाए जा रहे हैं। मुख्य समारोह शिमला के जाखू स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया है, जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पुतला दहन कर रहे हैं।

## आरएसएस

विजयदशमी के पावन अवसर पर आज राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अपना सौंवां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिमला में इस मौके पर नगर एकत्रीकरण और पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी श्रीनिवास जोशी ने की। संघ के शताब्दी वर्ष के मौके पर हमीरपुर में भी भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता हमीरपुर के वरिष्ठ नागरिक परिषद के अध्यक्ष विजय पुरी ने की। उन्होंने संघ के अनुशासन और संगठन क्षमता की सराहना की और इसे समाज व राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार

बताया। सोलन में आर.एस.एस. ने शस्त्र पूजन कर ध्वजारोहण किया और संघ के स्वयं सेवकों को एकता का पाठ पढ़ाया गया।

---------------------------------------------------------------------------------------------------